भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में शहीद दिवस पर निगमायुक्त रोहित व्यास सहित भिलाई निगम के अधिकारी/कर्मचारियों ने किया 2 मिनट का मौन धारण

भिलाई नगर/ भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी शहीद दिवस के दिन निगम आयुक्त रोहित व्यास सहित भिलाई निगम के अधिकारी/कर्मचारियों ने नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आज 2 मिनट का मौन धारण किया तथा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। ठीक 10:59 से 11:00 बजे तक अलर्ट के लिए 1 मिनट तक सायरन बजाया गया तथा 11:00 बजे से लेकर 11:02 बजे तक मौन धारण किया गया। इसके पश्चात 11:02 बजे से 11:03 बजे तक पुन: क्लियर सायरन बजाया गया। शहीदों की स्मृति में मौन धारण करने के लिए निगम के सभागार में भिलाई निगम के सभी अधिकारी/कर्मचारी निर्धारित समय से पूर्व ही सभागार पहुंच गए थे। अधिकारी/कर्मचारियों ने 2 मिनट के लिए अपने कार्य को रोककर मौन धारण किए। इस अवसर पर भिलाई निगम के सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे। मौन रखे जाने के पूर्व शहीद दिवस के दिन के महत्व को बताते हुए भारत की स्वतंत्रता में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की भूमिका के बारे में सभी को जानकारी दी गई और बताया गया कि कैसे राष्ट्रीय एकता में इन्होंने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मौन रखे जाने के लिए स्टेनो टू आयुक्त कक्ष , भवन अनुज्ञा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लेखा विभाग, जनसंपर्क विभाग, अधीक्षण अभियंता कछ , भवन संधारण विभाग , पेंशन शाखा, संपत्तिकर विभाग, राजस्व विभाग, योजना विभाग तथा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन सहित सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारी शामिल हुए।